# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.05.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

- आई आर बी एन मुख्यालय पोर्ट मोट में नई सुविधाओं और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है।
- मछुआरों को समुद्र में हो रही परेशानियों पर चर्चा करने के लिए हाल ही में तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।
- भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता ने एक सत्र में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति होकर इतिहास रच दिया है।
- मानसून सत्र के दौरान दुग्धपालन करने वाले किसानों के लिए एहतियात बरतने के वास्ते परामर्श जारी किया गया है।
- द्वीपों के कुछ भागों में वर्षा हुई।

<><><><><><><>

आई आर बी एन मुख्यालय पोर्ट मोट में नई सुविधाओं और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया गया है। पुलिस महानिदेशक देवेश चन्द्र श्रीवास्तव ने हाल ही में इस क्षेत्र में फोटो दीर्घा, आधुनिक आई आर बी एन नियंत्रण कक्ष और संचार शाखा के साथ एक नए एन सी ओ बैरक का उद्‌घाटन किया। एन सी ओ बैरक दो हजार दस में निर्मित किया गया था और अब आधुनिक सुविधाओं के साथ इसे नया रूप दिया गया है। इस बैरक को पूर्व पुलिस सिपाही के. मोहन राव को समर्पित किया गया है, जिनकी मृत्यु हटबे में घुसपैठ विरोधी अभियान के दौरान सत्रह जून दो हजार बीस को हो गई थी। आई आर बी एन नियंत्रण कक्ष और संचार केन्द्र में बल

के वाहनों की ट्रैकिंग के लिए जी पी एस प्रणाली, वी एच एफ और कई अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। इससे बटालियन के साथ संपर्क करने में काफी सुविधा होगी। फोटो दीर्घा में भी कई चित्रों को शामिल किया गया है। उद्घाटन अवसर पर पुलिस के आला अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><>

मछुआरों को समुद्र में हो रही परेशानियों पर चर्चा करने के लिए हाल ही में तटरक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। मत्स्य जलयानों के मालिकों और मास्टर्स के लिए आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता तटरक्षक के चीफ ऑफ स्टाफ उप–महानिरीक्षक अशीष श्रीवास्तवा ने की। बैठक में समुद्र में मछुआरों की सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की गई। उनसे कहा गया कि वे सुरक्षा पहलुओं पर ध्यान दें। खराब मौसम के दौरान समुद्र में न जाएं। आपात स्थिति में एक–दूसरे को सहयोग करें। जलयानों में उचित मात्रा में जीवन रक्षक उपकरणों के साथ अपनी पहचान पत्र साथ रखें। बातचीत के दौरान मछुआरों ने लम्बी दूरी तक संचार प्रणाली उपलब्ध कराने और पोर्ट ब्लेयर में मत्स्य नौका मरम्मत सेवा विकसित करने का अनुरोध किए। मछुआरों से कहा गया कि वे समुद्र में सतर्क रहें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में जानकारी तटरक्षक या पुलिस मरीन बल को दें।

<><><><><><>

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता ने एक सत्र में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से पर चढ़ने वाले पहले व्यक्ति होकर इतिहास रच दिया है। सत्यदीप गुप्ता ने सोमवार को दोपहर में आठ हजार पांच सौ सोलह मीटर ऊंचे माउंट ल्होत्से

पर चढाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने आधी रात को बारह बजकर पैंतालीस मिनट पर आठ हजार आठ सौ उन्चास मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। उनके साथ पर्वतारोहण मार्गदर्शक पेस्टेम्बा शेरपा और नीमा उंगडी शेरपा भी थे। श्री गुप्ता ने इससे पहले इक्कीस मई को माउंट एवरेस्ट और बाईस मई को माउंट ल्होत्से पर चढ़ाई की थी।

<><><><><><><>

मानसून सत्र के दौरान दुग्धपालन करने वाले किसानों के लिए एहतियात बरतने के वास्ते परामर्श जारी किया गया है। परामर्श में कहा गया है कि वे मानसून सत्र में पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पशुओं को संतुलित आहार दें। उन्हें शुद्ध और ताजे पानी उपलब्ध कराएं। छः माह से ऊपर के गर्भधारण कर चुके पशुओं को अतिरिक्त आहार दें। उनके पशुघर का विशेष ध्यान रखें। पशुओं के संबंध में किसी भी जानकारी के लिए पशुपालन विभाग के सोशल मीडिया एक्स हैंडल का प्रयोग करें। हरे चारे का संरक्षण करें। बारिश के इस मौसम में पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए स्थानीय वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें। हरा चारा उपलब्ध न होने की स्थिति में पेड़ों की पत्तियां और घास आदि पशुओं को खिलाएं। किसानों से कहा गया है कि वे पशुओं के शेड में ज्यादा पशुओं को न रखें। बारिश के दौरान उनके आवाजाही को नियंत्रित करें। पानी और चारे के लिए उन्हें अधिक दूरी तय न करनी पड़े और तालाब, जो जल भराव वाले क्षेत्रों में है, वहां पशुओं को न छोड़ें। बिजली के खंभों के साथ पशुओं को न बांधने

की हिदायत के साथ उन्हें बिजली के उपकरणों और ऐसे क्षेत्रों से भी दूर रखने को कहा गया है।

<><><><><><>

हटबे में भारी वर्षा हुई। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक इस क्षेत्र में चौवन मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। पोर्ट ब्लेयर में पन्द्रह दशमलव नौ, लांग आइलैंड और कार निकोबार में चौदह, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार मे बारह दशमलव छः और मायाबंदर में सात मिलीमीटर वर्षा हुई। तेज हवाएं और समुद्र के अशांत रहने की स्थिति में मछुआरों को कल सुबह तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आपात स्थिति में राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र की सहायता नम्बर एक शून्य सात शून्य या ज़िला आपातकालीन संचालन केन्द्र में एक शून्य सात सात के अलावा समुद्र में सहायता के लिए तटरक्षक सार एजेंसी के टोल फ्री नम्बर एक पांच पांच चार पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार प्रवेश पत्र एक जून को सुबह दस बजे से तीन जून की दोपहर एक बजे तक ऑनलाइन प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा तीन जून को शाम तीन बजे से चार बजे के बीच निर्धारित की गई है। उम्मीदवारों को दिन में दो बजे रिपोर्ट करने को कहा गया है।

<><><><><><>

केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ. ई.बी. चाकुरकर और प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एस के ज़मीर अहमद ने हाल ही में क्षेत्रीय केन्द्र मिनीकॉय का दौरा किया। दौरे के दौरान निदेशक ने वैज्ञानिक टीम और उनके अन्य सदस्यों के साथ मुलाकात की। उन्होंने नारियल आधारित आई एफ एस मॉडल का उद्घाटन किया। क्षेत्र के मत्स्य प्रसंस्करण केन्द्र तथा मत्स्य अवतरण केन्द्रों का दौरा कर अधिकारियों ने मछुआरा समुदाय से मुलाकात भी की।

<><><><><><><><><><>

तकनीकी कारणों के चलते आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर से प्राइमेरी चैनल पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों का सुबह दस बजे से दिन में चार बजे तक प्रसारण नहीं किया जा रहा है, हालांकि इस दौरान एफ. एम 100.9 पर प्रसारण जारी है।

<><><><><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की विशेष प्रशिक्षण केन्द्र पोर्ट ब्लेयर में विभिन्न खेलों में प्रशिक्षण के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। फुटबॉल में तीन लड़कियों का आवासीय और पांच लड़कियों का गैर–आवासीय सुविधा के साथ चयन होगा। ज़िला राज्य या स्कूल स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी। कयाकिंग और कैनोइंग स्पर्धा में चार लड़के और चार लड़कियों का तथा रोइंग में सात लड़के और चार लड़कियों को चयन होगा और इन्हें आवासीय सुविधा प्रदान की जाएगी। योग्य उम्मीदवार इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सम्पूर्ण जांच के बाद ही उम्मीदवारों का चयन होगा। आवासीय योजना के तहत चयनित प्रशिक्षणार्थियों को रहने–खाने की निशुल्क सुविधा के साथ खेल सामग्रियां, परीक्षा की तैयारियों, शैक्षिक खर्च, चिकित्सा और बीमा जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध होगी।

इच्छुक उम्मीदवार अपने मूल दस्तावेजों के साथ पांच से सात जून तक सुबह साढ़े नौ बजे नेताजी स्टेडियम में साई प्रशिक्षण केन्द्र में उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><>

मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन की ओर से सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए ज़िला उपायुक्त दिलखुश मीणा की अध्यक्षता में राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा मायाबंदर तहसील के हरिनगर गांव में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान तीन हजार पांच सौ वर्ग मीटर ज़मीन को खाली कराया गया। जिला उपायुक्त ने लोगों से सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न करने और जो लोग भी इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं, उनके खिलाफ जिला नियंत्रण कक्ष में जानकारी देने को कहा है।

<><><><><><>